तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

13 भरुवाडीह कला में भव्य शिव मंदिर का शिलान्यास...



14 नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने किया गिरौदपुरी...



## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस पर मां के नाम हुआ पौधारोपण

**खरोरा** | स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में आगामी 31 जुलाई 2025 दिन गुरुवार को महाविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन महाविद्यालय परिसर में दोपहर 12 बजे आरंभ होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा नगर के प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि वे इस पर्यावरणीय और संस्थागत महत्व के आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें। यह कार्यक्रम न केवल महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने का अवसर होगा, बल्कि मातृ प्रेम और प्रकृति-संरक्षण जैसे मूल्यों को भी जनमानस में जागरूक करेगा।



### खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि आज

**बलौदाबाजार** | शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ सीजन 2025 अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के कृषकों से निर्धारित तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने की अपील की है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, लेकिन अऋणी कृषकों को कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी/बीमा कम्पनी के ब्लॉक प्रतिनिधि / ग्राहक सेवा केन्द्र (सी.एस.सी.) / संबंधित बैंक से सम्पर्क कर बीमा करा सकते हैं।

# मौसमी बीमारियों से बचाव पर जागरूकता कार्यशाला, पंचायतों से किया सीधा संवाद

## कलेक्टर के निर्देश पर वर्चुअल माध्यम से जुड़े सरपंच, सचिव और मितानिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 'झाड़-फूंक से बचें', सर्पदंश और कुत्ते के काटने पर तत्काल अस्पताल जाने की सलाह

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश अनुरूप आज जिला संपर्क केंद्र के माध्यम से भाटापारा विकासखंड के सभी पंचायतों को वर्चुअल माध्यम से जोड़कर उपस्थित सरपंच, पंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं आम जनों को जानकारी प्रदान करते हुए उनसे संवाद स्थापित किया गया। संवाद में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में बताया गया जिसमें गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु 25 लाख रुपए तक की सहायता मरीज के इलाज हेतु दी जाती है। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में इस संपर्क केंद्र के संवाद से जिला सर्वलेन्स अधिकारी डॉ नवदीप बाँधे ने चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस बरसात के मौसम में मुख्य रूप से उल्टी दस्त की शिकायत ज्यादा दिखाई पड़ती है जो प्रायः दूषित जल के सेवन से होती है जिसमें लगातार पतला दस्त होता है यदि उपचार न मिले तो जान भी जा सकती है। दूषित पानी से पीलिया, हैजा भी होता है। ऐसे ही बारिश का पानी एक जगह इकट्ठा होने और साफ सफाई के अभाव की स्थिति में मच्छर पनपते हैं जिससे मलेरिया डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। तेज़ बुखार की स्थिति दोनों ही मच्छर जनित रोग में होती है इसमें भी उपचार न मिलने पर जान जा सकती है।






### झाड़-फूंक कर समय न करें व्यर्थ

साफ -सफाई से स्रोत का नियंत्रण और मच्छरदानी का उपयोग इसके बचाव के किये काफी कारगर रहता है। बरसात में सर्पदंश की भी शिकायत मिलती है। इस संबंध में बताया गया कि, झाड़-फूंक कर के समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए इससे विष शरीर में तेज़ी से फैलता है और ख़तरा बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में कुत्ते काटने के केस भी दिखते हैं। सर्प और कुत्ते दोनों के काटने की स्थिति में तत्काल अस्पताल में संपर्क करने की सलाह दी गई।

**भ्रष्टाचार:** भंडार क्रय नियमों की अनदेखी और तकनीकी जांच के बिना खरीदी गईं मशीनें

# रीपा योजना में भारी गड़बड़ी तीन पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगारपरक गतिविधियों को बढ़ावा देने और औद्योगिक पार्क विकसित करने के उद्देश्य से पूर्ववर्ती सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा योजना) की शुरुआत की गई थी। परंतु इस योजना में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद शासन ने बड़ी कार्यवाही की है।


रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने बलौदाबाजार और महासमुंद जिले के तीन पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया है, वहीं तत्कालीन तीन जनपद पंचायत सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की जांच में भंडार क्रय नियमों की अनदेखी, तकनीकी परीक्षण के बिना मशीन खरीदी और भुगतान में अनियमितता जैसे गंभीर दोष पाए गए।

### निलंबित पंचायत सचिव

शंकर साहू – ग्राम पंचायत बिरकोनी, जनपद पंचायत महासमुंद, खिलेश्वर ध्रुव – ग्राम पंचायत गिर्रा, जनपद पंचायत पलारी, टीकाराम निराला – ग्राम पंचायत लटुआ, जनपद पंचायत बलौदाबाजार इन सचिवों पर आरोप है कि उन्होंने नियमों का पालन किए बिना मशीन खरीदीं और देय राशि का टुकड़ों में भुगतान किया।




**लाखों की मशीनें जंग खा रही या हो गईं चोरी, 'ऊपर से आदेश' पर भुगतान का आरोप**



### कारण बताओ नोटिस पाने वाले अधिकारी

**रोहित नायक** – तत्कालीन सीईओ, जनपद पंचायत पलारी, **रवि कुमार** – तत्कालीन सीईओ, जनपद पंचायत बलौदाबाजार, **लिखत सुल्ताना** – तत्कालीन सीईओ, जनपद पंचायत महासमुंद।

### मशीनें हुई बेकार और चोरी

*रीपा योजना के तहत स्वरोजगार के लिए गोबर पेंट बनाने की मशीन, फ्लाई ऐश ब्रिक्स यूनिट, पेवर ब्लॉक मेकिंग मशीन, फ्लेक्स पोस्टर प्रिंटिंग जैसी मशीनें खरीदी गई थीं। जांच में खुलासा हुआ कि इनमें से अधिकांश मशीनें केंद्रों में जंग खा रही हैं या कई जगहों से चोरी हो चुकी हैं। सूत्रों के अनुसार, मशीनें बिना प्रस्ताव, परीक्षण और कार्ययोजना के 14वें एवं 15वें वित्त आयोग और केंद्र सरकार से प्राप्त फंड से खरीदी गईं।*

### ऊपर से आदेश पर हुआ भुगतान

*कई पंचायत सचिवों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि उन्हें मशीनों के भुगतान के लिए ऊपर से दबाव डाला जाता था। जो भी बिल आता, उसे पास करना मजबूरी बन गया था।*

# 1.76 लाख का गांजा बरामद, दो तस्कर ओडिशा से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ओडिशा के दो मुख्य सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी ओडिशा से गांजा सप्लाई करते थे। इस मामले में पुलिस ने पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर 1.76 लाख रुपए कीमत का 17.280 किलोग्राम गांजा जब्त किया था।

9 जून को शहर पुलिस टीम द्वारा विशाखापट्टनम एक्सप्रेस के माध्यम से उड़ीसा से भाटापारा आकर अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी शिबा रायता को स्टेशन रोड भाटापारा के पास पकड़ा गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में आरोपी के विरुद्ध 338/2025 धारा 20 बी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में शहर पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए तथा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी शिबा रायता से पूछताछ किया गया, जिसमें उड़ीसा निवासी पीपन नायक एवं सीमा मामू उर्फ सीमांचल पालका द्वारा उड़ीसा से पूर्व में गिरफ्तार आरोपी शिबा रायता को अवैध मादक पदार्थ गांजा देकर तस्करी करने के लिए भाटापारा भेजा गया था। तस्करी करवाने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 02 नग मोबाइल भी जप्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख, नहीं हुई कोई जनहानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

- मोहरा गांव में बड़ा हादसा टला, शॉर्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्वामी ने समय पर जागकर बचाई जान

मोहरा ग्राम में मंगलवार रात्रि एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई जब ग्रामवासी गिरवर प्रसाद वर्मा के मकान में अचानक आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरवर प्रसाद वर्मा ने बताया कि मंगलवार रात वे खाना खाकर अपने घर में अकेले सो गए थे। लेकिन रात लगभग 3 बजे अचानक नींद खुली तो देखा कि घर के दो कमरों में तथा बरामदे में आग धधक रही थी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते फ्रिज पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इसके साथ ही दो कमरों का सामान और बरामदे का पूरा मलमा जल गया। घर की छत पर रखी लकड़ियाँ एवं खपरैल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि समय पर नींद खुलने के कारण वे सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही आस-पास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और उनके सहयोग से आग पर काबू पाया गया।इस आगजनी का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन गिरवर प्रसाद वर्मा को आर्थिक ▶▶ शेष पेज 12 पर



# सोनाखान वन परिक्षेत्र में शिकार करते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- शिकार में इस्तेमाल होने वाले तीर-कमान, टॉर्च और मोटरसाइकिल जब्त
- जंगल व जैव विविधता को कोई नुकसान नहीं होने देंगे: वन विभाग

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के दिशा-निर्देशन में वन्य अपराधों की रोकथाम के लिए पूरे वन क्षेत्र में सतत गश्त और निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में वन्य प्राणियों के शिकार का प्रयास करते दो आरोपियों क्रो वन विभाग की गश्ती दल द्वारा गिरफ्त में लिया और कार्यवाही करते हुए न्यायायिक हिरासत में भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार क्रो रात्रि गश्त के दौरान वन परिक्षेत्र सोनाखान के अंतर्गत असनींद परिसर के कक्ष क्रमांक 196 आर.एफ. के समीप दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। ग्राम बहेराभाठा, असनींद, तहसील कसडोल निवासी आरोपी जितेन्द्र कुमार बरिहा, उम्र 20 वर्ष, पिता गौर सिंग बरिहा एवं प्रमोद कुमार बरिहा, उम्र 20 वर्ष, पिता मलितराम बरिहा क्रो अवैध शिकार के इरादे से मोटरसाइकिल क्रमांक सीज़ी 06 एच बी 9589 से वन क्षेत्र में प्रवेश करते हुए पकड़ा गया। मौके पर आरोपियों के पास से तीर-कमान, टॉर्च, मोंगरी, चादर ▶▶ शेष पेज 12 पर



# चाकू दिखाकर पैसे मांगने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रार्थी लेखराम मिरी निवासी ग्राम खैरघट द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 27 जुलाई को वह अपने मित्रों के साथ 02 अलग-अलग मोटरसाइकिल से अपने मामा के घर ग्राम हरिनभट्ठा जा रहे थे, कि इसी बीच दोपहर 1 बजे नवापारा सिमगा शनि मंदिर के पास रोड में आरोपी दीपेंद्र बघेल एवं अन्य द्वारा उनकी मोटरसाइकिल को रोक कर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे।

प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी एवं उसके मित्रों को हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा एक आरोपी द्वारा प्रार्थी के गर्दन में चाकू टिका दिया गया, जिसे हटाने पर प्रार्थी के गर्दन पर गंभीर चोट लगा है। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 296, 351(3),115(2), 119(1), 126(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया। प्रकरण में सभी चारों आरोपियों 1. दीपेंद्र बघेल उम्र 19 वर्ष निवासी नवापारा सिमगा, 2.बालदास कोसले उम्र 23 वर्ष निवासी नवापारा सिमगा, 3.आशुतोष कोसले उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चकरवाय थाना सिमगा, 4.महेंद्र यादव उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम दुलदुला थाना सिमगा को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां सभी को जेल दाखिल कर दिया गया।



**'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर निकली भव्य यात्रा**

# शिवरीनारायण से खरौद तक कांवरियों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

- 20 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल, आदि योगी शंकर की प्रतिमा रही आकर्षण का केंद्र
- 5 ड्रोन कैमरों से हुई कवरेज, माधो डीजे और आतिशबाजी ने बांधा समा

धर्म एवं आध्यात्म की नगरी आस्था और विश्वास की पुण्य धारा धाम शिवरीनारायण के रपटा मार्ग स्थित चित्रोत्पला गंगा महानदी त्रिवेणी संगम से सभी सनातनियों ने पवित्र जल भर कर कांशी धाम खरौद लक्ष्मणेश्वर महादेव को पंचामृत जल अर्पण कर सबकी सुख शांति समृद्धि की कामना की। भव्य एवं ऐतिहासिक विशाल कांवड़ यात्रा को 5 ड्रोन कैमरे और अनेक कैमरों से कैप्चर किया गया, सभी अपने स्मार्ट फोन से वीडियो और सेल्फी लेकर खुशी के पल को कैप्चर कर रहे थे। वही थाईलैंड की फूल से बाबा भोलेनाथ गौरा-गौरी की पालकी की सुगंधित फूलों से सुसज्जित किया गया, वही एक बड़ी प्रतिमा जो कि आदि योगी शंकर की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहा वही, सबसे बड़ा डीजे सेटअप माधो डीजे की धुन,लाइटिंग में नाचते गाते जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु भक्त थिरकते रहे खूब नृत्य किए , पुष्पराज, बाहुबली, कालकेय, कटप्पा सहित अनेक परिधान में कलाकारों ▶▶ शेष पेज 12 पर





### ब्रह्मोस के डिजाइन पर निकाली कांवड़ यात्रा

विगत वर्ष की भांति सावन के तीसरे सोमवार को चतुर्थ वर्ष भोले बाबा के आशीर्वाद से धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के श्री राम वन वन पथ गमन से दोपहर 4 बजे शुरू होकर रात्रि 9.30 बजे खरौद में संपन्न हुआ यात्रा की शुरुआत रपटा मार्ग से केरा चौक,थाना चौक ,बॉम्बे मार्केट,वीडियो चौक नटराज चौक ,त्रिमूर्ति शबरी चौक होते हुए खरौद पहुंची इस यात्रा में ऑपरेशन सिंदूर के तहत महिलाओं को विशेष निमंत्रण दिया गया था ऑपरेशन सिंदूर के तर्ज पर ब्रह्मोस के डिजाइन पर कांवर यात्रा निकाली गई। यात्रा वापसी पश्चात सभी श्रद्धालु के लिए मध्यनगरी चौक में डोम पंडाल के नीचे सभी श्रद्धालु की भोजन प्रसाद की व्यवस्था किया गया था। इस आयोजन को लेकर पूरे नगर के सभी व्यापारी बंधु, आयोजन कमेटी सहित सभी श्रद्धालु का सहयोग और पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।



**खबर संक्षेप**

### इलाज के अभाव में नहीं रुकनी चाहिए किसी बच्चे की धड़कन

रायपुर। जिला प्रशासन की एक और नवाचार पहल प्रोजेक्ट धड़कन के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रायपुर में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों की हृदय रोग से संबंधित जांच की गई। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा की हम प्रोजेक्ट धड़कन के माध्यम बच्चों को होने वाले हृदय की समस्या से बचाना चाहते है, कई बार सही समय पर पता नहीं चलने पर समस्या का सामना करना पड़ता है। इस योजना के माध्यम से सभी बच्चो के हृदय की जांच की जाएगी और कुछ कमी पाए जाने पर श्री सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर में इलाज किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी और शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की प्रारंभिक पहचान और निशुल्क इलाज सुनिश्चित करना है।

# लंबर विद्यालय में छात्र संघ पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली**

लंबर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सबसे अतिथियों द्वारा मां भारती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत किया। छात्रों में नेतृत्व क्षमता के विकास एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करने के लिए छात्र संघ का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न पदों पर छात्र-छात्राओं को जिमेदारी दी गई। जिसमें सृष्टि राणा शाला नायक 12वीं विज्ञान, रश्मि साहू उप शाला नायक 11वीं विज्ञान, वंदना साहू विज्ञान सचिव 12वीं विज्ञान, प्रशांत साहू क्रीड़ा सचिव 12वीं विज्ञान, तन्नु पटेल सांस्कृतिक सचिव 11वीं विज्ञान, चंद्रशेखर साहू रेडक्रॉस सचिव 11वीं विज्ञान, पवन बरिहा स्काउट सचिव 12वीं विज्ञान, कृष्ण कुमार पटेल पर्यावरण, स्वास्थ्य सचिव 12वीं विज्ञान, विद्या साहू छात्रा प्रतिनिधि 11वीं कला, विक्की पटेल एनएसएस दल नायक 12वीं विज्ञान, दीपा जायसवाल एनएसएस दल नायिका 12 वीं विज्ञान, भारती साहू कक्षा नायक 9 वीं, रोशनी साहू कक्षा नायक 10 वीं, नीता पटेल कक्षा नायक 11 वीं कला, चैतन्या साहू कक्षा नायक 11वीं विज्ञान, हेमकुमार सिदार कक्षा नायक 12 वीं कला, मिनाक्षी साहू कक्षा नायक 12 वीं विज्ञान को जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला पंचायत सभापति देवकी दीवान, पूर्व जनपद अध्यक्ष रुकमणी पटेल द्वारा शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोंगरा किशन पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत, अध्यक्षता देवकी पुरुषोत्तम दीवान सभापति जिला पंचायत महासमुंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में रुकमणी सुभाष पटेल पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, किशन पटेल किसान नेता, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, घसिया सिदार जनपद सदस्य बसना, मदन चौरसिया सरपंच लंबर, आरआर पटेल कोषाध्यक्ष दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति लम्बर, पदुम लोचन पटेल, मनबोध मिरी मीडिया प्रभारी भाजपा मंडल केदुवां, अंगद साहू, अभिमन्यु पटेल, पी पटेल प्रचार्य मंचासीन रहे। शपथ ग्रहण समारोह में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे, समारोह में मोंगरा पटेल, देवकी दीवान, रुकमणी पटेल, किशन पटेल ने संबोधित किया, जिन्होंने छात्रों को अनुशासन नेतृत्व एवं छात्र संघ के उत्तर दायित्वों पर प्रेरणा दायक मार्गदर्शन दिया। और छात्रों के नेतृत्व और समाज सेवा के अनुभव साझा किया। सम्मान समारोह में कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को जिसमें कक्षा 9वीं रोशनी साहू, कक्षा 10 वीं रश्मि साहू, कक्षा 11 वीं सृष्टि राणा, कक्षा 12 वीं मनीषा साहू एवं बेस्ट स्टुडेंट्स पुरस्कार पदुम लोचन पटेल शिक्षक बिछियां द्वारा अपने दादा की स्मृति में दिया जाता है, यह खिताब मनीषा साहू को दिया गया। मोंगरा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सावन झूला, देवकी दीवान जिला पंचायत सभापति द्वारा 40 नग कुर्सियां, घसिया सिदार जनपद सदस्य द्वारा लेक्चर स्टैंड, सुभाष पटेल रामकृष्ण मेडिकल स्टोर्स सागरपाली द्वारा लेक्चर स्टैंड प्रदान किया गया।



**प्रेम एक प्रकृति के साथ जोड़ना है एक पेड़ मां के नाम**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी आव्हान एक पेड़ मां के नाम के तहत बसना विकास खंड के अन्तर्गत दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में वृहद पौधरोपण किया गया। आज जिस तरह से देश और दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते भीषण गर्मी और अकाल जैसी स्थित निर्मित हो रही है। पेड़ की कमी और बारिश की अथवा असमय बारिश की चिंता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पहले की अपेक्षा तापमान भी बढ़ रही है जिसको नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय वृहद वृक्षारोपण ही है। वृक्ष के कमी के कारण अनेक प्रकार की समस्याएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है साथ ही वातावरण भी वृक्ष की कमी के कारण दूषित होती जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जन को अपने जन्मदिन,विवाह दिन के साथ-साथ अपने ईस्ट मित्र तथा परिवार जनों के जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ पर एक पेड़ आवश्यक रूप से लगाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला परिवार व शिक्षक जे के जायसवाल, बीएल साहू, एलके साहू, एमडी मानिकपुरी, एलके सिदार, सीआर जायसवाल, टीआर जायसवाल, एफएल बरिहा, खिरोद सिदार का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन आर के पटेल (कार्यक्रम अधिकारी) एवं आभार प्रदर्शन जीपी पटेल प्राचार्य ने किया।

## सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**



बुधवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम अछोला में भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गांव में सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधि विधान से हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार संवेदनशील सरकार है। हर वर्ग के प्रति समर्पण के साथ सरकार कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के पहुंच मार्ग को दुरुस्त किया जा रहा है। इससे हर ग्राम तक विकास पहुंचेगा। पहुंच मार्ग के साथ गांवों के भीतरी सड़कों को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं को दूर किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में खुशहाली आ रही है। वहीं सामुदायिक भवन के निर्माण से विभिन्न कार्यक्रमों के लिए ग्रामीणों को एक सुनिश्चित स्थान मिल रहा है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में भी विकास कार्य तेजी से चल रहा है। महासमुंद में गौरव पथ का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य चल रहा है। महासमुंद से तुमगांव मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा तुमगांव मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, संदीप घोष, रोहित चंद्राकर, पप्पू पटेल, ग्राम सरपंच संतोष कुमार साहू, उपसरपंच विश्वनाथ धीवर, भाजपा नेता राजू साहू, आनंद साहू, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर, जनपद पंचायत सदस्य योगेश्वरी राजेश साहू, राजेश साहू, मधु चौहान, ललित साहू, योगेश ठेठवार, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, शरद राव, सहित अन्य उपस्थित थें।

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पुरानी और आधुनिक तकनीकी का समन्वय कर नवाचार जरूरी : भीखम

### जिला स्तरीय शिक्षा स्थायी समिति की हुई समीक्षा बैठक, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

जिला पंचायत महासमुंद के सभापति एवं शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में भीखम ठाकुर ने कहा कि सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों, पालकों एवं शिक्षकों को सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पुरानी और आधुनिक तकनीकी का समन्वय कर नवाचार अपनाना आवश्यक है। बैठक में शिक्षा समिति की सदस्य देवकी पुरुषोत्तम दीवान एवं सीमा लोकेश नायक विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

ज्वाइन डायरेक्टर रायपुर संजीव श्रीवास्तव ने भी बैठक में शिरकत की और पुस्तक वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी बच्चों को शत-प्रतिशत पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, सरस्वती साइकिल योजना, मध्यान्ह भोजन, किचन गार्डन, जर्जर भवनों की मरम्मत एवं मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक स्कूल का व्यक्तिगत मूल्यांकन करते हुए सभी प्राचार्य और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीईओ लहरे ने यह भी निर्देशित किया कि अति जर्जर भवनों में कक्षा संचालन तत्काल बंद किया जाए तथा मरम्मत के लिए शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने अपार आईडी से संबंधित अद्यतन स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के सभी विद्यार्थियों का आधार अपडेट कराना सुनिश्चित किया जाए, जिससे अपार आईडी जनरेट कर आगे की प्रक्रिया की जा सके। मिशन लाइफ के तहत एक पेड़ मां के नाम योजना में एंट्री बढ़ाने के लिए भी प्राचार्य और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को डीएमसी रेखराज शर्मा ने भी संबोधित किया एवं मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित सोशल ऑडिट और विद्यालयों की मानिटरिंग व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की बात कही। उन्होंने समय-सारणी, पाठ्यक्रम एवं विद्यार्थी विकास सूचकांक पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक संचालक सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा, डीपीओ कमल नारायण चंद्राकर, खेल अधिकारी अंजली बरमाल, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी एवं हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे।



## शबाब को मिली क्रिकेट शोध में पीएचडी की उपाधि



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक और वरिष्ठ एनआईएस क्रिकेट कोच मो. शबाब बख्श कुरैशी ने मैट्स यूनिवर्सिटी से प्रोफ़ेसर डॉ. अलोक सिंग के मार्गदर्शन में क्रिकेट खेल के क्षेत्र में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। मोटर कौशल पर आधारित अंडर-19 क्रिकेट खिलाड़ियों की व्यक्तित्व एवं कौशल क्षमता का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर उन्होंने देश के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों की मानसिकता, तकनीकी दक्षता और सीखने की योग्यता का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। डॉ. शबाब कुरैशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय सबसे पहले अपने माता-पिता को दिया। साथ डॉ. रीता वेणु गोपाल राव, डॉ.सीडी अगासे, डॉ रविंद्र मिश्रा, डॉ राजीव चौधरी, डा.विजय चौरसिया, नवीन शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, इशाक खान, प्रोफ़ेसर हुसैन उल्लाह खान, डॉ. आयाज़ अहमद खान, एडवोकेट सलीम कुरैशी, इमरान अहमद, नैना श्रीवास्तव, सरला सोनी, जमशेद रजा, जया ठाकुर, शेख वहीद को दिया। इस उपलब्धि पर राज्यभर के क्रिकेट खिलाड़ियों, अभिभावकों, खेल प्रेमियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने हर्ष जताया है।

# अरंड में खेल कलेवा का आयोजन, पौष्टिक स्नैक्स बनाकर किया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अरंड(पिथौरा)**

ग्राम अरंड के पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में यूनिसेफ व जिला प्रशासन और एनआईटी रायपुर के सहयोग से खेल कलेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम नागरिक शिवचरण ध्रुव, विशिष्ट अतिथि यूनिसेफ प्रभारी सृष्टि शंकर एवं अध्यक्षता संस्था प्रमुख रोहिणी कुमार देवांगन रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती मां के तस्वीर में पूजा अर्चना कर किया गया। पूजा के उपरान्त शाला के बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम संचालिका स्वाति द्वारा खेल कलेवा का उद्देश्य साझा करते हुए बताया गया कि किशोर बालक-बालिकाओं में एनीमिया की कमी को दूर करने के लिए खान पान में बदलाव के लिए यूनिसेफ के माध्यम से रिसर्च किया जा रहा है। वर्तमान परिवेश में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक एवं आर्गेनिक शाक- भाजी और अंकुरित अनाज, कंदमूल और स्थानीय फल-फूल को अपने आहार में सम्मिलित करने से व्यवहार में परिवर्तन का परीक्षण किया जाएगा।



कार्यक्रम में चयनित माताओं द्वारा पौष्टिक स्नैक्स बनाकर प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रथम रैनी बाई ध्रुव, द्वितीय गोदावरी ध्रुव, तृतीय भोगेश्वरी ध्रुव स्थान ने प्राप्त किए। किशोर-किशोरियों के लिए फुर्ती और चतुराई पर आधारित खेल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान हसीना बरिहा, द्वितीय हीना ध्रुव, तीसरा कुलेश्वर यादव थे। सभी विजेताओं को बीआईयू टीम द्वारा पुरस्कार दिया गया। बीआईयू टीम द्वारा पौष्टिक युक्ति आहार ब्रेकफास्ट और भोजन में लेने के लिए बच्चों और माताओं को अनुरोध किया गया।

जिससे किशोर-किशोरियों में सर्वांगीण विकास हो सके। बीआईयू टीम द्वारा 63 दिनों तक ट्रैकर के माध्यम से जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसका रिपोर्ट यूनिसेफ को दी जाएगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक चित्ररेखा साहू द्वारा पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी गई। शिवचरण ध्रुव, प्रदीप कर, रोहिणी कुमार देवांगन द्वारा भी पौष्टिक आहार संबंधी जानकारी साझा किया गया। शिक्षा विभाग से प्रदीप कर, नकुलराम साहू, गंगा पैकरा, आंगनबाड़ी से देवकुमारी ध्रुव, मीना साहू, पंच रोहित पटेल, सचिव लेखराम जगत, किसल ध्रुव, प्रमिला ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव, अंजू ध्रुव, लक्ष्मी साव, योगेश्वरी ध्रुव, मीना बरिहा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शैलेन्द्र सिन्हा और आभार प्रदर्शन जयराम पटेल ने किया।

# शिव मंदिर जाने का रास्ता बदहाल श्रद्धालुओं को हो रही भारी परेशानी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली**

नगर से 20 किमी दूर ग्राम बलौदा में भदरा तालाब के पास स्थित क्षेत्रवासियों के आस्था के केंद्र शिव मंदिर और चंडी मंदिर के मध्य सड़क अत्यधिक खराब होने के कारण श्रद्धालुओं को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से इस ओर विशेष संज्ञान लेने और अतिशीघ्र सड़क मरम्मत करवाने की मांग की गई है। बलौदा के ग्रामीणजनों चतुर्भुज अग्रवाल, बबलू प्रधान, विनोद दीवान, जयदेव पदमुन, हेमंत बाघ, रवि महाराज, रोहित महापात्र, सुरेंद्र महापात्र, रविंद्र महापात्र आदि ने बताया कि सरायपाली से बलौदा की दूरी 20 किमी है। यहां का भदरा तालाब काफी प्रसिद्ध है, जो 100 एकड़ में फैला हुआ है। तालाब के मेड़ पर शिवलिंग स्वयं भूगर्भ से निकला हुआ है। वहीं शिव मंदिर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर चंडी मंदिर है, जो यहां के क्षेत्रवासियों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। उन्होंने बताया कि शिव मंदिर में साल भर भक्तों की भीड़ रहती है, जो सावन के महीने में बहुत अधिक बढ़ जाती है। यहां आने वाले श्रद्धालु दोनों ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। पूर्व में बलोदिया परिवार द्वारा आवागमन की सुविधा को देखते हुए दोनों मंदिरों के बीच सड़क पर मुरूम बिछाया गया था, जो बारिश के बाद कीचड़ युक्त हो गया है। वर्तमान में इस मार्ग से चलने पर श्रद्धालुओं को बहुत अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के द्वारा जल्द ही शासन-प्रशासन से इसपर संज्ञान लेने की मांग की गई है।

## गौ-माताओं की सुरक्षा पर प्रशासन सतर्क कलेक्टर ने जल्द कार्रवाई का दिया आश्वासन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा (ग्रामीण)**

राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेसहारा गौ-माताओं की बढ़ती दुर्घटनाओं और गौठानों की दुर्दशा को लेकर भारतीय गौ क्रांति मंच के जिला अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को ज्ञापन सौंपा। इस गंभीर मुद्दे पर कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन गौ-रक्षा और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। पिथौरा निवासी सौरभ अग्रवाल ने ज्ञापन में प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई, गौठानों के जीर्णोद्धार के लिए सीएसआर और डीएमएफ फंड के उपयोग तथा जिला पशु चिकित्सालय में घायल गायों के लिए विशेष वार्ड की मांग कलेक्टर से की।

## जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर शहर में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर की चर्चा

# वार्डों में अवैध शराब व नशीली दवाइयों के कारोबार पर रोक लगाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

शहर के सभी वार्डों में अवैध शराब, नशीली दवाइयों पर रोक लगाने की मांग को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष नानू भाई, भाजपा शहर महामंत्री मीना वर्मा, शहर उपाध्यक्ष गण मुन्ना साहू, राजू चंद्राकर, पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सुर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदु, प्रीति बादल मक्कड़, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाउराम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, सोनाधर सोनवानी, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभा पांडेय को ज्ञापन सौंपा।

उक्त नेताओं एवं पार्षदों ने अधिकारी से अवैध शराब को लेकर लंबी चर्चा की। उन्हें बताया कि 1 माह पहले पार्षद के ऊपर थाना के भीतर अवैध शराब कारोबारी असामाजिक लोगों ने जानलेवा हमला किया। इसी दरम्यान पिटियाझर रोड में जड़ी बूटी वाले को जान से मारा गया। नयापारा, सुभाष नगर, बस स्टैंड, डा. अंबेडकर चौक समेत सभी वार्डों में अवैध शराब व नशीली दवाओं के साथ जन मानस में बुरा प्रभाव डाल रहे है। कांग्रेस के शासनकाल के समय के लोग आज भी धड़ल्ले से अवैध धंधा कर रहे है। कांग्रेस कार्यकाल में अवैध धंधे में लगे लोगों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शहर में आए दिन दुर्घटना हो रही है। सरकारी आकड़ों के अनुसार महासमुंद में 6 माह के अन्दर 40 लोगों की जनहानि हुई है। इस पर रोकथाम के लिए बस ड्रायवर, कार वाले जो शहर में स्पीड से गाड़ी चलाते है उन पर सख्ती बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब में लगे जगहों को चिन्हित कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

ट्रैफिक व अन्य अपराधों के लिए शहर में लगभग 55 से अधिक हाई कैपिसिटी के कैमरे लगाए गए है, जिसके माध्यम से कंट्रोल की बात कही और भी जनसहयोग से कैमरे लगाने का अनुरोध किया गया। खासकर अवैध शराब एवं अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने की बात अधिकारी द्वारा कही गयी।



**पेज 11 के शेष**

### घर में लगी आग...

नुकसान अवश्य हुआ है। ग्रामीणों ने इस घटना को एक बड़ी दुर्घटना मानते हुए राहत की साँस ली और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र में सतर्कता का माहौल है और लोग अब आग एवं विद्युत उपकरणों को लेकर अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं।

### सोनाखान वन...

आदि शिकार में उपयोग की जाने वाली सामग्रियां भी जप्त की गईं। आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं संशोधित अधिनियम 2022 की धारा 9, 50, 51 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए पी.ओ.आर. क्रमांक 15639/15 दिनांक 29.07.2025 को प्रकरण दर्ज किया गया और दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

जंगल को नहीं पहुंचने देंगे क्षतिः वनमण्डल अधिकारी


वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने कहा है कि वन मंत्री के निर्देशानुसार हमारी प्राथमिकता है कि जंगल और जैव विविधता को किसी भी स्थिति में क्षति न पहुंचे। वन और वन्यजीव से संबंधित किसी भी प्रकार के अवैध कृत्य को क़ानूनी रूप से कड़ी कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा। कार्यवाही के दौरान परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू, प्रशिक्षु आरएफओ नवीन वर्मा, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल दीपक कौशिक, परिसर रक्षी बुधेश्वर दिवाकर, अश्वनी साहू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### शिवरीनारायण से...

की प्रस्तुति ने मन मोह लिया। 5 राजशाही घोड़े की प्रस्तुति स्वागत नृत्य, भव्य मन मोहक आतिश बाजी से चार चांद लगा था पूरा नगर शिव मय हो गया।

## खबर संक्षेप

### धर्मरक्षा वाहिनी के सावन झूला कार्यक्रम ने मोहा मन



**सिमगा** । धर्मरक्षा वाहिनी जिला संयोजिका सुवर्णा शर्मा, बसंती गुप्ता, शारदा भोशले के नेतृत्व में आज सामुदायिक भवन में सावन झूला का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरविन्दर कौर ने की। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे राधा कृष्ण बनकर आए और सबका मन मोह लिया। जिनको झुले में बैठाकर पूजा अर्चना किया गया। तथा भारत माता की आरती की गई। साथ ही फैंसी ड्रेस रंगोली कार्यक्रम कुर्सी दौड़ जैसे अनेक कार्यक्रम धर्मरक्षा वाहिनी के द्वारा कराया गया। सभी महिलाओं को उपहार स्वरूप भेट किया गया। इस कार्यक्रम में डाली सोनकर, राधा वैष्णव, राखी वैष्णव, सुनिता यादव, अरूणा भोसले, सोनल शर्मा, सुनिता सिंह, मनीषा साहू, संगीता पाण्डेय सहित आदि उपस्थित थे।

### सशिमं में मां के नाम हुआ पौधारोपण



**लवन**। एक पेड़ मां के नाम पर नवम के बहनो ने कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपण करना चाहिए जिससे प्रकृति को खूबसूरत बनाया जा सकता है। वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण, वायु की गुणवत्ता में सुधार, मिट्टी के कटाव को रोकने, वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। ओमप्रकाश तिवारी एवं प्रबंध कारिणी समिति के सदस्यगण उपस्थित थे ।

### बलौदाबाजार में बनेगा 30 बिस्तरों वाला अस्पताल

**बलौदाबाजार** । इंटक यूनियन के अथक प्रयासों से जिले को एक



बड़ी सौगात मिलने जा रही है। जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 30 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित किया जाएगा। यह मांग इंटक यूनियन के अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में 22 नवंबर 2024 को जिला प्रशासन के समक्ष रखी गई थी, जिसे अब स्वीकृति मिल चुकी है। इसकी आधिकारिक पुष्टि यूनियन को लिखित रूप में प्राप्त हो चुकी है। बलौदाबाजार एक औद्योगिक क्षेत्र है, जहाँ 8 बड़े सीमेंट संयंत्रों में हजारों श्रमिक कार्यरत हैं। इन श्रमिकों और कंपनियों द्वारा ईएसआईसी में करोड़ों रुपये का मासिक अंशदान किया जाता है, लेकिन अब तक उन्हें चिकित्सा सुविधाओं के लिए अन्य जिलों का रुख करना पड़ता था। इस कठिनाई को देखते हुए इंटक यूनियन ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया और अब यह प्रयास रंग लाया है। इस अवसर पर इंटक यूनियन के अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा, छन्नूलाल साहू, वीर सिंह वर्मा, सूरज कुमार निषाद, ओम प्रकाश वर्मा और भानु प्रताप वर्मा ने संयुक्त रूप से श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह अस्पताल श्रमिकों के जीवन में एक नई रोशनी लेकर आएगा। यह उपलब्धि इंटक यूनियन के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्पित श्रमिक साथियों की एकता, मेहनत और निरंतर संघर्ष का परिणाम है। इसमें इंटक के वरिष्ठ नेता थानवार वर्मा, चितेंद्र वर्मा, राधेश्याम भटपहरे, अनिल खुटे, जगमोहन धृतलहरे, कैलाश वर्मा, डेकराम यादव, दिलीप यदु, लोकनाथ साहू, योगेश पांडे, रूपेश कश्यप, दिल कुमार, यशवंत यदु, ईश्वर साहू, रामा रजक, दीपक बघेल, पुरुषोत्तम वर्मा, हेमू, रूपेंद्र सहित कई अन्य साथियों का योगदान उल्लेखनीय है।

### जिले में अब तक 529.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद**। जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 529.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 728.3 मिलीमीटर हुआ।

---

ग्रामवासियों की एकजुटता से हुआ आयोजन, जनपद सदस्य लेखूराम सेन रहे मौजूद

# भरुवाडीह कला में भव्य शिव मंदिर का शिलान्यास, 26 जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम भरुवाडीह कला में एक दिव्य और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य शिव मंदिर निर्माण की शुरुआत के उपलक्ष्य में 26 जोड़ा श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक अनुष्ठान सम्पन्न किया गया। समस्त आयोजन धार्मिक आस्था और ग्रामवासियों की एकजुटता का प्रतीक रहा। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान मोहन सेवती साहू रहे, जिन्होंने पूरे अनुष्ठान में श्रद्धा और समर्पण के साथ भाग लिया। साथ ही क्षेत्र के जनपद सदस्य लेखूराम सेन की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया ।

इस आयोजन में चालीसा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का सक्रिय सहयोग और समर्पण प्रशंसनीय रहा। उनके प्रयासों से यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिससे ग्राम में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक एकता का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार एवं पूजा-पाठ के साथ रुद्राभिषेक किया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण शिवमय हो उठा। ग्रामीणों ने इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाया और शिव मंदिर निर्माण के कार्य में तन-मन-धन से सहयोग देने का संकल्प लिया। आयोजन की सफलता पर शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एक नई ऊर्जा प्रदान करते हैं तथा संस्कारों और संस्कृति के संवाहक बनते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि ग्राम की सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### संजीवनी रक्तदाता संघ ने किया कांवड़ियों के लिए रखा भंडारा

**खरोरा ।** समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के तत्वाधान में बीते सोमवार की संध्या को त्रिवेणी संगम स्थित सोमनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जाने वाले शिव भक्त कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जहां देर रात कांवड़ियों का तांता लगा रहा और उन्हें भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि सन 2004 से सावन के महीने में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन संस्था द्वारा किया जा रहा है जो हर वर्ष चला आ रहा है। जिसमें हमारे सदस्यों व आमजनों द्वारा सोमनाथ मंदिर जाने वाले कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन कर उनकी सेवा करते हैं।



**ये रहे उपस्थित-** उक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान, कमल बघेल (सचिव), देवेंद्र जायसवाल, हरिश्चंद्र कश्यप, सुरेश जायसवाल, योगेश निषाद भरुवाडीह कला, गजेंद्र साहू भरुवाडीह कला, मनोहर साहू (एडवोकेट), सुरेश यादव, मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा तिल्दा तुलसी, ईश्वर साहू, गौरव जायसवाल कोहका, लक्की सिंह चौहान, हर्ष सिंह चौहान, कृष्णा सिंह चौहान, लाला सिंह चौहान दुर्ग, ललित सिंह चौहान रायपुर, दिलीप सिंह चौहान, विजय वर्मा, हेमंत कश्यप, मिथुन निषाद, अनिल निषाद, यशवंत मानिकपुरी, मोहन यादव, चुनेश सेन ,चितेश साहू आदि लोग उपस्थित थे।

---

## छात्राओं को बताए गए प्लास्टिक के नुकसान कम उपयोग करने की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय असौंदा में प्लास्टिक बैग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिशन फॉर लाइफ, इको क्लब के शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने छात्राओं को प्लास्टिक के सामानों, (बोतलों ,थैलों ) आदि का कम उपयोग करने संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक जिसे डिस्पोजेबल प्लास्टिक भी कहा जाता है कि हमारे स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। इसके उत्पादन, उपयोग व निपटान से कई समस्याएं होती है।

- सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए खतरा : इको क्लब
- छात्राओं ने स्कूल परिसर की सफाई कर दूसरों को भी किया जागरूक

सिंगल यूज प्लास्टिक सैकड़ों साल तक विघटित नहीं होते हैं इससे भूमि, जल और वायु प्रदूषण होता है। इस अवसर पर छात्राओं और समस्त स्टाफ ने प्लास्टिक बैग के उपयोग से बचने उसका परिचक्रण करने और अपने परिवार, मित्रों व अन्य समुदाय को प्लास्टिक कूड़ा कचरा न फैलाने और कचरे का जिम्मेदारी से निपटान करने का शपथ लिया गया। छात्राओं ने विद्यालय परिसर में प्लास्टिक कचरे व अन्य कचरे की साफ सफाई की। विद्यालय परिसर में प्लास्टिक बैग उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया है।

**ये रहे उपस्थित-** इस मौके पर नेवारण दास गायकवाड प्रधान पाठक, रमेश कुमार वर्मा प्रधान पाठक, नीलिमा वीर सावरगांवकर, मनोज कुमार चेलक ,रामगुलाल दीवान, पुरुषोत्तम टंडन ,सोहनलाल चंद्राकर, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं, इको क्लब के छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित थे।

---

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 हेतू विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा के सभागृह में 28 जुलाई सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी ठाकुर, जेएनवीएसटी प्रभारी सत्येंद्र कुमार पाण्डेय एवं नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सिका मौजूद रहें। सिमगा के विद्यालय के समस्त संकुल समनायक के साथ दोपहर 12 बजे से 1:00 बजे तक बैठक आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सत्येंद्र कुमार पाण्डेय नें विभिन्न नवोदय विद्यालयों के छात्रों की उपलब्धियों को बताते हुए लवन नवोदय विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में भी बताया जहाँ से बच्चे आईआईटी और नीट परीक्षा में चयनित हुए। तथा सभी संकुल सामन्यककों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक नामांकन करवाएं। परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सिका नें विद्यालय से प्रदाय सभी निःशुल्क सुविधाओं का उल्लेख किया साथ ही सर्वांगीण विकास के अवसरों के बारे में चर्चा की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी ठाकुर नें नवोदय विद्यालय के बारे में विस्तार से नवोदय विद्यालय, यहाँ के कार्य प्रणाली, यहाँ के शिक्षा का स्तर एवं अन्य खूबियों के बारे में बताया, उन्होंने सभी प्रधानपाठकों से कहा कि यदि संभव हो तो वे संकुल स्तर पर ऐसे बच्चों के लिए कोचिंग भी करवाने का प्रयास करें। इससे बड़ा परोपकार और नहीं हो सकता है कि आप एक बच्चे के भविष्य को बनाएंगे।

### शिक्षक संघ पलारी का चुनाव, मंतराम बने अध्यक्ष

**पलारी ।** बुधवार को ब्लॉक एवं तहसील इकाई शिक्षक संघ का चुनाव निर्वाचन अधिकारी चितेश्वर प्रसाद वर्मा एवं ईश्वरी प्रसाद साहू कसडोल के उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष के लिए मंतराम वर्मा को नियुक्त किया गया, सचिव मेघराम जायसवाल, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार पैकरा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, सह सचिव सत्येंद्र कुमार पटेल, संगठन मंत्री लियाकत अली बने इसी प्रकार तहसील अध्यक्ष ईश्वर चन्द्र, विद्यासागर कनौजे, सचिव मुकेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष योगेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अश्वनी पटेल, सह सचिव धनंजय यादव, संगठन मंत्री ललित कुमार पटेल, संरक्षक लीलाधर प्रसाद वर्मा, बीरबल वर्मा की नियुक्ति हुई, वही कार्यकारिणी सदस्य में मनहरण ध्रुव, चंद्रशेखर यादव, नंदनी वर्मा, लखेश्वरी वर्मा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, यावत वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, ओसराम साहू, कमल नारायण कुर्रे, तोरन लाल साहू, कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के संयोजक देवेंद्र साहू उपस्थित रहे चुनाव सर्व सम्मति निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ।



---

## भाटापारा में 73वां महासती मंदिर वार्षिकोत्सव 5 से 7 अगस्त तक

**भाटापारा**। श्री महासती मंदिर का 73वां वार्षिकोत्सव 5 से 7 अगस्त तक मनाया जायेगा। 6 अगस्त द्वादश के दिन मुख्य कार्यक्रम में सुबह 9 बजे सुंदरकांड पाठ (पंचमुखी सुंदरकांड समिति के द्वारा) दोपहर12 बजे मुख्य गर्भगृह में छप्पन भोग व महाआरती होगी। दोपहर 2 बजे से रामराज्यभिषेक पंडित सनत कुमार जी मिश्र चित्रकूट , पंडित नंदकिशोर वैष्णव भाटापारा , बिंदु सत्संग मंडल एवं श्याम मित्र मंडल के द्वारा संपन्न के बाद श्री राम दरबार की आरती व प्रसाद वितरण। रात 7 बजे पुनः मुख्य दरबार की आरती तथा रात्रि 8 बजे से जयपुर से आ रही भजन प्रवाहिका कोमल शर्मा का भजन कार्यक्रम होगा जो प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। ज्ञात हो सतियों के मंदिरों में श्री महासती मंदिर छत्तीसगढ़ की सर्वप्रथम मंदिर है जहां मुख्य गर्भगृह



में तीन देवियां क्रमशः श्री महालक्ष्मी जी , श्री महासती जी , श्री महादुर्गा जी विराजमान है । तथा परिक्रमा की ओर में अनेक देवी देवताओं के मंदिर भी है। मंदिर में कुल सात अखंड ज्योत प्रज्जलवित है जिसमें गर्भगृह में दो, श्री हनुमान जी की एक तथा चार अखंड ज्योत श्री शिव जी के मंदिर में जल रही है। मंदिर स्थापना के समय से चित्रकूट के पंडित रामपाल जी त्रिपाठी अपनी सेवाएं देते रहे तत्पश्चात उनके निधन के बाद से वर्तमान में उनके पुत्र पंडित उमाकांत सेवाएं दे रहे है। अतः सभी भक्तजन मातारानी की दर्शन कर लाभ प्राप्त करें।

---

## जवानों तक पहुंचेगा बहनों का स्नेह छात्राओं ने कलेक्टर को सौंपे रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



रक्षाबंधन के पावन अवसर को विशेष रूप देने और सीमाओं पर तैनात देश के वीर जवानों तक बहन के स्नेह का प्रतीक पहुंचाने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की गई। स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय, मोपका निपनिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्राओं द्वारा बनाए गए रक्षासूत्रों को आज कलेक्टर दीपक सोनी को सौंपा।

कलेक्टर श्री सोनी ने छात्राओं को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह कार्य न केवल रक्षाबंधन पर्व को एक नया स्वरूप प्रदान करता है बल्कि देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी की अद्भुत मिसाल भी पेश करता है। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बिना सीमाओं पर डटे रहते हैं। कई जवान ऐसे हैं जो रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं आ पाते। इन रक्षा सूत्रों के माध्यम से उन्हें अपने परिवार का स्नेह और बहन का प्यार मिलेगा जिससे वे खुद को और भी मजबूत और अपनापन महसूस करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका पाटले एवं सहायक प्राध्यापक नेहा केरकेट्टा भी उपस्थित रहीं।

- स्व. रामनाथ वर्मा महाविद्यालय की छात्राओं ने बनाई राखियां, सीमा पर तैनात जवानों को भेजेंगी

---

## कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के आगमन पर हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

छत्तीसगढ़ शासन खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा अर्जुनी बस स्टैंड के सड़क किनारे छायादार एवं फलदार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। मंत्री टंकराम वर्मा ने पौधा लगाया गया और रोपित पौधे की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्री गार्ड भी लगाए गए।

इस आयोजन में ईडीओ छत्तीसगढ़ (पर्यावरण संरक्षण संस्था) ने भी सक्रिय सहभागीता दिखाई। संस्था द्वारा पेड़ों की सुरक्षा हेतु ट्री गाड्र्स की व्यवस्था तथा पर्यावरणीय कार्यों के लिए आर्थिक सहयोग की मांग भी की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता व स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशवानी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि डोमन वर्मा, भाजपा नेत्री व बलौदाबाजार राजप्रधान मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, सुनीता वर्मा, अर्जुनी सरपंच कविता ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, ग्राम सचिव राजेश साहू, रोज़गार सहायक विनोद सोनी, गंगा प्रसाद यदु, ईडीओ संस्था के कोमल साहू, मुकेश साहू, शिव यादव एवं हुलास वर्मा, जीवन साहू, गोपी यादव, रामनारायण वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

## डी.के. कॉलेज में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

डी.के. कॉलेज, बलौदाबाजार में दिनांक 30 जुलाई 2025 को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने हेतु एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, कैडेट्स तथा स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि एक पौधा "माँ के नाम" और एक पौधा "कैडेट के नाम" पर रोपित किया गया, जिससे यह संदेश दिया गया कि माँ और मातृभूमि दोनों की सेवा एवं संरक्षण हमारा कर्तव्य है।

- पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर कार्यक्रम का हुआ समापन

यह पहल विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव भी दर्शाती है।कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ सी.के. चंद्रवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन के हर पहलू को सुंदर बनाते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसका पालन करे, तो हम एक स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर कैप्टन मिंज, सीनियर अंडर ऑफिसर कुंवरजीत यादव, जूनियर अंडर ऑफिसर सोनाली वर्मा, जूनियर अंडर ऑफिसर अदिति शर्मा एवं सभी कैडेट्स उपस्थित रहे और सभी ने इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ किया गया।



---

छात्रों को दिलाई गई कर्तव्य और निष्ठा की शपथ, स्वर्ण पदक विजेता का हुआ सम्मान

## निजी स्कूल में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शपथ ग्रहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी अमृत कुजूर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । वही छात्र-छात्राओं को पदग्रहण की बधाई शुभकामनाएं देते हुए अच्छे नंबरों से पास होने और शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में भी प्रतिभा दिखाने कहा। मुख्य अतिथि ने शपथ लेने वाले स्कूल के नायक व नायिकाओं से कहा कि सच्चा नेतृत्व सेवा, समर्पण व संकल्प से जन्म लेता है। मैं इस अवसर पर सभी को बधाई शुभकामनाएं देता हूँ।

प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विद्यार्थियों को चार सदनों ब्लू हाउस (कैप्टन भास्कर महेश्वरी, वाइस कैप्टन लिपिका वर्मा), ग्रीन हाउस (कैप्टन शौर्य पटेल, वाइस कैप्टन वैशाली वर्मा), रेड हाउस (कैप्टन प्रशांत शर्मा, वाइस कैप्टन नेत्रकिरण साहू) और ऑरेंज हाउस (कैप्टन रुद्रांश साहू, वाइस कैप्टन - साक्षी साहू) में विभाजित किया गया गया। इन सदनों के अंतर्गत सम्पूर्ण वर्ष विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा खेल गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व, सहयोग एवं प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास किया जाता है।

इस कार्यक्रम में चारों सदनों के हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन तथा सम्पूर्ण विद्यालय के शाला नायक - देवेश देवांगन एवं शाला नायिका - सुमन खटकर को उनके कर्तव्यों और दायित्वों की शपथ दिलाई गई किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व सेवा, समर्पण और संकल्प से जन्म लेता है।

**ओलंपियाड 2024-25 में स्वर्ण पदक विजेता का हुआ सम्मान-** इस विशेष अवसर पर इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड 2024-25 में स्वर्ण पदक विजेता छात्र को भी सम्मानित किया गया, जिसने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही स्कूल की वार्षिक गतिविधियों से मुख्य अतिथि को अवगत कराया। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नागेश्वर बने टीचर्स एसोसिएशन के जिला महामंत्री



**पलारी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा की अनुशंसा से नागेश्वर प्रसाद पटेल प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमदा को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बलौदाबाजार का महामंत्री बनाया गया है। उनके महामंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे, जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे, जिला सचिव सीएम साहू, महासचिव तेज कुमार वैष्णव ,बुद्धेश्वर ध्रुव, महेंद्र साहू, महेंद्र वैष्णव, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शालिनी वैष्णव, दीपक सारंग, मंतराम, सागर, संत जलहरे आदि ने हर्ष व्यक्त की है।

### खाद्य विभाग ने करहीबाजार में चलाया जांच अभियान

**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार त्यौहारी सीजन में मिठाइयों एवं अन्य खाद्य



पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा करहीबाजार क्षेत्र के कुल 9 होटल,बिरयानी सेंटर एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 54 प्रकार के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों की जांच की गई, जिसमें से 51 मानक एवं 1 अवमानक 2 असुरक्षित रिपोर्ट प्राप्त हुए। जांच के दौरान श्रीराम होटल से बेसन लड्डू, शिवम किराना स्टोर्स में मगज लड्डू असुरक्षित पाए गए वहीं कुमार यदु किराना से बेसन के अवमानक रिपोर्ट प्राप्त हुए। साफ-सफाई एवं अन्य रिकॉर्ड संधारण के आवश्यक निर्देश दिए गए। अवमानक बेसन (डस्ट पार्टिकल) एवं असुरक्षित बेसन लड्डू, मगज लड्डू को मौके पर नष्ट कराया गया।

### खपरी में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर का आयोजन



**बलौदाबाजार** । आयुष विभाग द्वारा मंगलवार को बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मेढ़ के आश्रित ग्राम खपरी मेंआयुष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। शिविर में 138 मरीजों का ईलाज किया गया जिसमें 53 मरीज होम्योपैथी एवं 85 आयुर्वेद चिकित्सा द्वारा ईलाज कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। मरीजों को सर्दी, खांसी, बुखार होना, नये पुराने रोग, वातरोग, उदररोग, अर्श, बवासीर, भगंदर, श्वासरोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग, लकवा, पीलियां, पुराने टायफाईट, झिनझिनी, वातरोग, गैस्टींग, भूख न लगना, बाल झड़ना एवं पकना, नींद नहीं आना आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पध्दति द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या, योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने हेतु उपाय बताया गया। शिविर में डॉ.एल.एस. ध्रुव, डॉ.नेकदत्त बरतामसी, सावित्री योगी, सुशील जायसवाल, योगेन्द्र गेंडरे, भारत साहू, सरपंच मेढ़ सुषमा ध्रुव, उपसरपंच विजय साहू एवं स्कूल के प्रधान पाठक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### नूनपानी में 50 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम नूनपानी के गंधरेलडिपा तिराहा के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 10 हजार रुपए का 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया है।

# राखी की दुकानों से बाजार गुलजार, भाई-बहन के त्योहार ने बढ़ाई रौनक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन

अलग खबर

श्रावण पूर्णिमा की तिथि नजदीक आने के साथ ही हिरमी के बाजार रंग-बिरंगी राखियों से सज गए हैं। दुकानों पर भीड़ भी बढ़ने लगी है।हर आयु वर्ग के लिए अलग-अलग राखियां बाजार में मौजूद हैं। इस बार ओम और स्वास्तिक जैसे धार्मिक चिह्न वाली राखियों की मांग ज्यादा है मैसेज राखी, स्वैग राखी, स्पेशल गिफ्ट के बॉक्स वाली राखियां भी लोगों को लुभा रही हैं। बच्चों के लिए कार्टून और म्यूजिकल राखियां भी बाजार में मौजूद हैं।

## 'मैसेज राखी' और स्पेशल गिफ्ट बॉक्स वाले सेट भी बाजार में हैं उपलब्ध



### सावन पूर्णिमा से पहले बाजार में रौनक बढ़ी

राखी बाजार में एक अलग तरह का ट्रेंड इस पर्व के पीछे छिपे बहन का प्यार ही है कि सावन पूर्णिमा से पहले बाजार में रौनक बढ़ गई है। इस साल राखी बाजार में एक अलग तरह का ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है आस्था के रंग में रंगी राखियों की इस बार खास डिमांड है। देवताओं वाली राखियां भी अपनी खास जगह बनाए हुए हैं। रेवड़ी, चंदन, मिश्री, चावल के छोटे-छोटे बॉक्स के साथ लगाया गया राखियों का सेट लोगों को खूब भा रहा है।

रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानें राखी का पर्व नजदीक आने के साथ ही भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहनों का बुलावा आने लगा है। इसकी के साथ शहर से लेकर कस्बाई इलाकों में रंग-बिरंगी राखियों से दुकानें सज गई हैं। लोगों की यहां भीड़ भी लगने लगी है, बाहर रहने वाले भाइयों की कलाई सुनी न रह जाए, इसको लेकर बहनें उन्हें राखियां भेज भी रही हैं। इसके साथ ही बाहर पढ़ाई करने गए हों या नौकरी, व्यवसाय के सिलसिले में बाहर रहने वालों को बहनों की तरफ से बुलावा भी भेजा जा रहा है। बहन शादी-शुदा है तो अपने घर आने को अपने भाई को निमंत्रण दे रही है। अगर भाई नहीं पहुंच सके तो उसके पास मायके जाने के लिए पति देव या ससुरालवालों की खुशामद भी होने लगी है ।

**दर्शन:** आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब भी रहे साथ, देशभर के सतनामी समाज प्रमुखों ने टेका मत्था

# नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने किया गिरौदपुरी का सामूहिक दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

- 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत किया गया पौधारोपण, मंडवा धर्मशाला में हुई संगोष्ठी

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सतनामी समाज का विगत दिनों हुये निर्वाचन पश्चात नव निर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उनके वरिष्ठ मंत्रियों एवं अन्य राज्यों से आये सतनामी समाज प्रमुखों की आतिथ्य में 27 जुलाई को रायपुर में सम्पन्न हुआ । दूसरे दिन 28 जुलाई को सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने अनुसूचित जाति प्राधिकरण आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब एवं अन्य राज्यों से आये विशेष अतिथियों के साथ गिरौदपुरी गुरूद्वारा में सामुहिक दर्शन कर मत्था टेके ।

छाता पहाड, पंचकुंडी जन्मस्थली आदि दर्शनीय स्थलों का दर्शन किये। गुरू खुशवंत साहेब ने एक पेंड माँ के नाम



योजना के तहत गिरौदपुरी में पौध रोपण भी किये। मंडवा धर्मशाला का सभी ने अवलोकन किये एवं रात्रि विश्राम के साथ संगोष्ठी भी किये। शपथ ग्रहण एवं गिरौदपुरी दर्शन में अन्य राज्य राजस्थान जोधपुर से अध्यक्ष महेंद्र सतनामी, मणिलाल सतनामी, उड़ीसा से अध्यक्ष ज्योति लाल बंजारे, उपाध्यक्ष सुरेश भारती, उत्तर प्रदेश कोटवा धाम से बाबा



कमलेश दास, बिहार दरियागंज से संत बाबा गयादास, दिल्ली से जगजीवन खरे, मध्य प्रदेश भोपाल से किशन बंजारे, असम से अध्यक्ष मदन सतनामी, एवं मुंबई महाराष्ट्र से एच आर पटले, अध्यक्ष मुम्बई सतनामी समाज एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रहवासी संघ मुंबई ने अपनी कीमती समय छत्तीसगढ़ में आ कर दिये इसके लिये समस्त प्रदेश सतनामी समाज की ओर से प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले ने आभार व्यक्त किया है।

**ये हुए शामिल-** मौके पर महासचिव मोहन बंजारे, प्रदेश प्रवक्ता राजमहंत पी एल कोसरिया, सह सचिव दिनेश बंजारे, उपाध्यक्ष डॉ दिनेशलाल जांगडे, रेशमलाल घृतलहरे, एस आर बाधे, श्याम टांडे कोषाध्यक्ष, कृष्णा कोशले, मंडवा कार्यालय प्रमारी सांडे, महिला टीम से अध्यक्ष अंजलि बरमाल, उपाध्यक्ष सुशीला सोनवानी, द्रोपती जोशी, अनिता कोशले सहित अनेको समाज के वरिष्ठजन शामिल रहे। उक्त जानकारी राजमहंत पी के घृतलहरे सेवानिवृत कृषि अधिकारी ने दी है ।

# चकवे में हुई गुरु घासीदास की गद्दी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

श्रावण माह के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत चकवे के सतनामी समाज द्वारा परंपरागत रूप से गुरु घासीदास बाबा की गुरु गद्दी की पूजा भव्य रूप से आयोजित की गई। यह आयोजन चकवे ग्राम स्थित घासीदास चौक पर सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, समाजजन एवं अतिथियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर गुरु गद्दी की पूजा विधि-विधान से की गई, जिसमें समस्त ग्रामवासी श्रद्धा भाव से शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत चकवे के उप सरपंच अनिल कुमार चेलक ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से चोरभट्टी से पहुंचे पुलिसराम बंजारे व उनकी टीम की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। स्थानीय पंथी दलों द्वारा भक्ति संगीत एवं गायन का मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा घासीदास के उपदेश – सत्य, समानता और भाईचारे का संदेश जनमानस तक पहुंचाया गया।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे कौशिक बघेल, उत्तम सोनी, खिलावन चेलक, सुकालू कुर्रे एवं अन्य समस्त ग्रामवासी सतनामी समाज के वरिष्ठ सदस्यों में प्रमुख रूप से बाबूलाल चेलक, थेरहाराम जांगड़े, जेठू राम बंजारे, ईश्वर जोशी, दयाराम बघेल, इतवारी चेलक, डॉ. ईश्वर चेलक, खेदू राम चेलक, भोकई बंजारे आदि उपस्थित रहे।



### भक्तिमय वातावरण का हुआ संचार

पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण का संचार हुआ, और घासीदास चौक पर आयोजित महाआरती में गांव के सैकड़ों लोगों ने एक साथ भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप सरपंच अनिल चेलक ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा जी के बताए मार्ग मनखे मनखे एक समान को अपनाकर हमें समाज में समरसता एवं सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने सभी को सतनाम पर अटूट विश्वास रखने और उनके उपदेशों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। आरती के पश्चात विशेष प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।


# घटमड़वा में नाग पंचमी पर हुई ग्राम देवता शीत बाबा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

- सुख-समृद्धि की कामना के लिए चढ़ा खीर-पूड़ी का भोग, माघी पूर्णिमा पर लगता है भक्तों का तांता
- सरपंच ने की ट्रांसफार्मर लगाने की मांग, धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

ग्राम गिधौरी के समीप ग्राम घटमड़वा में जहां ग्राम देवता शीत बाबा विराजित है जिनकी महिमा अपार है गांव एवं आसपास की क्षेत्र वासी की सुख-शांति व समृद्धि की कामना को लेकर सभी ग्रामीणों ने मिलकर नागपंचमी पर्व पर पूजा अर्चना किया और वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ संपन्न हुई।

इस अवसर पर ग्रामवासियों के साथ-साथ सरपंच लच्छीराम गोड की अगुवाई में परंपरागत रूप से खीर-पूड़ी का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। मान्यता है कि शीत बाबा की आशीर्वाद से गांव में सुख, शांति और समृद्धि आती है। धन धान्य की सुख प्राप्ति होती है माघी पूर्णिमा के



दिन विशेष रूप से आसपास के ग्रामीण लोट मारते भुइया नापते शीत बाबा के दरबार में पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अर्जी लगाते हैं। यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूरी होती है।

शीत बाबा मंदिर घटमडवा और कुम्हारी के बीच मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिससे यहां दूर-दराज से भी श्रद्धालु आसानी से पहुंचते हैं। लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी आज भी महसूस की जाती है। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में सरपंच लच्छीराम गोड ने कहा कि अगर मंदिर परिसर में ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर दी जाए, तो बेहतर लाइटिंग से इसे एक प्रकाशमान और आकर्षक स्थल बनाया जा सकता है, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# बलौदाबाजार में भव्य 'रफी नाइट' का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- प्रतिभावान छात्रों, वरिष्ठजनों और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान, खेल मंत्री टंकराम वर्मा रहेंगे मुख्य अतिथि, भिलाई के कलाकारों की होगी प्रस्तुति

नगर भवन बलौदाबाजार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज 31 जुलाई की शाम 6 बजे से भव्य रफी नाईट का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टंकराम वर्मा खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छ.ग. शासन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन करेंगे। जहां अतिविशिष्ट के रूप में कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील उपस्थित रहेंगे। जहां प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, वरिष्ठजनों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला स्व सहायता समूह का भी सम्मान किया जायेगा।

उक्त जानकारी देते हुए रफी नाईट के आयोजक के.के. वर्मा एवं संरक्षक रामाधार पटेल ने बताया कि रफी नाईट का यह 15 वां वर्ष हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्रिय कलाकारों को प्रोत्साहन देने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जाता है। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष रफी नाईट कार्यक्रम में यश ग्रुप भिलाई (आरकेस्ट्रा) के कलाकार अनिल वर्मा (राजा बाबू), प्रियंका दत्ता (कलकत्ता) एवं पुनित, लता के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक के.के. वर्मा ने संगीत प्रेमियों के अलावा प्रतिभावान 10वी एवं 12वी बोर्ड के 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उपस्थित होने की अपील की है।

**ये तैयारियों में जुटे-** कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के संयोजक के.के. वर्मा, सरंक्षक रामाधार पटेल, नरेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष मोहनदास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष मिथलेश वर्मा, सचिव सालिक यादव, सह सचिव विनय गुप्ता, मीडिया प्रभारी फनेश वर्मा, सलाहकार श्याम शुक्ला, ओमप्रकाश वर्मा, प्रचार प्रसार सचिव नरेश गुप्ता तैयारी में जुटे है।

# खाद के लिए भटक रहे किसान, छत्तीसगढ़ किसान महासभा ने आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

- सहकारी समितियों से किसान लौट रहे खाली हाथ, रसूखदारों को मिली पर्याप्त खाद
- 'केंद्र-राज्य सरकार की कॉर्पोरेट परस्त नीतियों से किसान परेशान', खाद-बीज की कमी का आरोप

किसानों के किसानी-काम जोर-शोर से चल रहा है,बियासी-रोपाई का दौर है जुलाई माह समाप्त हो रहा है तब छत्तीसगढ के बहुतों सहकारी समितियों में डीएपी खाद के लिए किसान चक्कर काट रहे हैं यह बहुत शर्मनाक है। दुखदाई यह है कि सरकार ढिंढोरा पीट रही कि खाद-बीज सोसाइटी में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

किसानों से आधार कार्ड जमा करा लिया जाता है। किसान दो, तीन-चार दिन अपने पारी आने के इंतजार में दिन भर सारा काम-धाम छोड़कर सोसाइटी के चक्कर काटते हैं, बाद में खाद खत्म हो गया फिर आने पर मिलेगा कहकर आधार कार्ड लौटा दिया जाता है। किसान चर्चा के दौरान बताते हैं कि रसूखदारों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो गया है, छोटे किसान या तो सोसाइटी के चक्कर काट रहे हैं या खुले बाजार में महंगे दर पर खाद खरीदने मजबूर हो रहे हैं।



### किसान विरोधी नीतियां बनाने के लगाए आरोप

छत्तीसगढ किसान महासभा के संयोजक नरोत्तम शर्मा ने किसानों के सभी संकट के लिए केन्द्र-राज्य सरकारों द्वारा अपनाई जा रही किसान विरोधी कार्पोरेट परस्त नीतियों को जिम्मेदार बताया है। प्रेस के लिए जारी बयान में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि केंद्र-राज्य सरकार दिल्ली के ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दबाव में खत्म किए तीन काले कानूनों को ही पिछले दरवाजे से लागू करने की साजिश कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कृषि मार्केटिंग पर राष्ट्रीय नीति की रूपरेखा का मसौदा भेजा गया है, इसी आधार पर अभी मानसून सत्र में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषि बाजार पर कानून में संशोधन किया है। इस मामले में विधान सभा में विपक्ष द्वारा भी मजबूत विरोध दर्ज नहीं किया जाना भी दुखद है। किसानों की आवाज विधानसभा से लेकर सड़कों तक उठाने के प्रयास में छत्तीसगढ़ किसान महासभा लगातार कर रहा है। किसानों को संगठित कर बड़ी लड़ाई की तैयारी है। यह जानकारी नरोत्तम शर्मा संयोजक, छत्तीसगढ़ किसान महासभा रायपुर ने दी ।

## सफल मत्स्य पालकों ने साझा किए अनुभव, दुर्घटना बीमा का लाभ भी बताया

# मत्स्य सहकारी समितियों को मिला प्रशिक्षण, आर्थिक विकास पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- 3 लाख तक के ब्याज मुक्त ऋण की जानकारी दी गई, मछली पालन के लिए मिलेगी सहायता

कलेक्टर श्री दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित बलौदाबाजार-भाटापारा के तत्वाधान में मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के 116 पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति शामिल हुए। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में उप आयुक्त उमेश कुमार गुप्ता द्वारा सहकारी समितियों की पंजीयन, कार्यप्रणाली, निर्वाचन एवं समिति के सदस्यों आपसी समन्वय से नियमित रूप से समिति सदस्यों की बैठक आयोजित करने, आय-व्यय की




जानकारी सभी सदस्यों को साझा करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभाग से संपर्क कर शासन की योजनाओं का लाभ समिति के सदस्यों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी जी.एन. साहू, ने सहकारी बैंक के माध्यम से मत्स्य सहकारी समितियों को बैंक की योजनाओं के तहत 3 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण तथा मध्यकालीन ऋण प्राप्त कर अपने कार्य व्यवसाय में वृद्धि करने की जानकारी दी गई। इसी तरह मत्स्य पालन विभाग बी पी शर्मा के द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी देते हुए सहकारी समिति के सदस्यों को निशुल्क 5 लाख तथा 2.5 लाख रुपये तक दुर्घटना बीमा तथा मत्स्य आदान सामग्री हेतु विभागीय अनुदान के रूप में मछली बीज, जाल, बोट एवं आइस बॉक्स पूर्णतः निशुल्क प्रदान करने की जानकारी, तालाब आवंटन के त्रिस्तरीय संरचना के बारे में सदस्यों को अवगत कराया गया।

मत्स्य पालन की नई प्रक्रिया एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा समय- समय पर किये जाने वाले प्रशिक्षण में भाग लेकर सदस्यों की आर्थिक क्षमता को मजबूत किया जा सकता है। मत्स्य कृषक शम्भू डहरिया के द्वारा सहकारी बैंक से निरंतर विगत 2 वर्षों से मत्स्य पालन हेतु 3 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आर्थिक विकास करने की बात बताई गई। साथ ही समिति ससहा, पलारी, रोहांसी, दरचुरा, देवरी के मत्स्य सदस्यों द्वारा तालाब आवंटन पश्चात मछली पालन लाखों की आमदनी होने की बात कही। कार्यक्रम में प्राधिकृत अधिकारी डी.के.नेताम, एम.एस.कँवर एवं जिले के समस्त मत्स्य सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

